# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


## IND vs SLC XI: भारतीय गेदंबाजों का बुरा हाल, श्रीलंका के ओपनर्स ने जड़ा ‘शतक’, फिर किस्मत से मिला विकेट


Sanket Morankar


Published on 07 Aug 2026





श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के लिए तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच की शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। कोलंबो के एनसीसी मैदान पर श्रीलंका क्रिकेट XI के खिलाफ मुकाबले में भारतीय गेंदबाज शुरुआती 20 ओवर तक एक भी विकेट हासिल नहीं कर सके। तेज गेंदबाजों से लेकर स्पिनर्स तक सभी गेंदबाज श्रीलंका के सलामी बल्लेबाजों के सामने संघर्ष करते नजर आए।

### श्रीलंका के ओपनर्स ने की 110 रन की साझेदारी

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका क्रिकेट XI ने आक्रामक शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज **निशान फर्नांडो** ने भारतीय गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा और तेज गति से रन बटोरे।

निशान फर्नांडो ने 65 गेंदों में **66 रन** की शानदार पारी खेली। उनकी पारी में 11 चौके और एक छक्का शामिल रहा। दूसरे छोर पर **रविंदु रसंथा** ने भी उनका अच्छा साथ दिया।

दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए महज **20.4 ओवर मे 110 रन** जोड़ दिए। इस दौरान श्रीलंका क्रिकेट XI के बल्लेबाजों ने 5 से अधिक की रन गति से रन बनाए।

### गलतफहमी ने तोड़ा साझेदारी का सिलसिला

भारतीय टीम को पहला विकेट गेंदबाजों की शानदार गेंद पर नहीं, बल्कि रन आउट के जरिए मिला। पारी के 21वें ओवर में एक रन लेने की कोशिश के दौरान निशान फर्नांडो और रविंदु रसंथा के बीच तालमेल बिगड़ गया।

निशान रन लेना चाहते थे, लेकिन रसंथा ने मना कर दिया। दोनों बल्लेबाज एक ही छोर की ओर पहुंच गए और इसी दौरान रन

आउट का मौका बन गया।

यशस्वी जायसवाल ने भी शुरुआत में गलत छोर पर थ्रो किया, लेकिन **मानव सुथार** ने तेजी दिखाते हुए गेंद को ऋषभ पंत की ओर भेजने का प्रयास किया। गेंद स्लिप में खड़े केएल राहुल के पास पहुंची और आखिरकार भारत को पहला विकेट मिल गया।

## भारतीय गेदंबाज शुरुआती सफलता के लिए तरसे

इस मुकाबले में भारतीय टीम के गेंदबाजों को शुरुआती विकेट के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। कप्तान केएल राहुल ने तेज गेंदबाजों के साथ-साथ स्पिन विकल्पों को भी आजमाया, लेकिन लंबे समय तक कोई गेंदबाज ब्रेकथ्रू नहीं दिला सका।

**मोहम्मद सिराज** ने अपने शुरुआती पांच ओवर में 14 रन दिए, जबकि **प्रसिद्ध कृष्णा** ने पांच ओवर में 27 रन खर्च किए। **रवींद्र जडेजा** भी शुरुआती पांच ओवर में विकेट हासिल नहीं कर सके। वहीं, **गुरनूर बराड़** भी कुछ महंगे साबित हुए।

## टेस्ट सीरीज से पहले भारत के लिए चिंता

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले प्रैक्टिस मैच को भारतीय टीम के लिए खिलाड़ियों को परिस्थितियों के अनुसार ढालने का अहम मौका माना जा रहा है। हालांकि, मुकाबले के शुरुआती चरण में जिस तरह भारतीय गेंदबाज श्रीलंका क्रिकेट XI के सलामी बल्लेबाजों को रोकने में नाकाम रहे, वह टीम के लिए चिंता का विषय जरूर हो सकता है।

हालांकि यह केवल प्रैक्टिस मैच है और गेंदबाजों के पास मुकाबले में वापसी करने के लिए पर्याप्त समय है। भारत की नजर अब आगे के खेल में बेहतर गेंदबाजी प्रदर्शन और श्रीलंकाई बल्लेबाजों पर दबाव बनाने पर होगी।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.